भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता का न्यायालय, सरायकेला।

अभिलेख सं0-टी0 ए0 मिस वाद सं0- 102A/2019-20

केस का प्रकार-(छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा 46(i)a)

हरिराम हाँसदा ....आवेदक / विक्रेता

बनाम

अरविन्द कुमार मुर्मू ....क्रेता

दिनांक	पदाधिकारी का आदेश एवं हस्ताक्षर	अभ्युक्ति
23-03-2020		

विक्रेता :– हरिराम हाँसदा पिता स्व0 घानो हाँसदा उर्फ घानु माझी, ग्राम–चेरिया पहाड़ी, थाना–राजनगर, जिला–सरायकेला–खरसावाँ (झारखण्ड), जाति–संथाल।

क्रेता :– अरबिन्द कुमार मुर्मू पिता माझो मुर्मू, ग्राम–रानीगंज, थाना–राजनगर जिला–सरायकेला–खरसावाँ(झारखण्ड), जाति–संथाल।

विक्रेता द्वारा दिनांक 25.10.2019 को आवेदन देकर छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा–46(i)a के तहत क्रेता अरबिन्द कुमार मुर्मू पिता माझो मुर्मू, ग्राम–रानीगंज, थाना–राजनगर जिला–सरायकेला–खरसावाँ (झारखण्ड) को निम्नलिखित भूमि बिक्री करने हेतु अनुमति माँगी गयी है :–

:: भूमि का विवरण ::

मौजा	थाना /थाना नं0	खाता सं0	प्लॉट सं0	रकवा
रानीगंज	राजनगर / 106	39	174	16डि0

उक्त आवेदन के आलोक में अंचल अधिकारी, राजनगर से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई। साथ ही साथ सर्वसाधारण को जानकारी हेतु आम ईस्तेहार निर्गत किया गया।

अंचल अधिकारी, राजनगर का पत्रांक 28 दिनांक 10.01.2020 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्राप्त है(अभिलेख के साथ संलग्न)। जाँच प्रतिवेदन के अवलोकन से स्पष्ट है कि :–

1. प्रस्तावित भूमि बिक्रेता के पिता के नाम से खतियान में दर्ज है।
2. बिक्रेता अपने पिता के मृत्यु के पश्चात् अपने हिस्से की आंशिक भूमि को बिक्री करना चाहता है।
3. प्रस्तावित भूमि बिक्री करने के पश्चात् बिक्रेता के पास रकवा–2.69एकड़ भूमि शेष बचेगा।
4. बिक्रेता पारिवारिक खर्च हेतु प्रस्तावित भूमि बिक्री करना चाहता है।
5. बिक्रेता एवं क्रेता दोनों एक ही थाना एवं जाति–'संथाल' है, जो अनुसूचित जनजाति के अन्तर्गत आते है।

लगातार.....................2

Scanned with CamScanner

उपरोक्त प्रतिवेदन में अंचल अधिकारी, राजनगर ने छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा–46(i)a के तहत आवेदक को प्रस्तावित भूमि बिक्री करने की अनुमति देने की अनुशंसा किया है।

न्यायालय द्वारा दिनांक 25.10.2019 को निर्गत आम सूचना का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। आज तक किसी ने कोई आपत्ति दायर नहीं की है।

अतः अंचल अधिकारी, राजनगर के अनुशंसा के आलोक में बिक्रेता हरिराम हाँसदा पिता स्व0 घानो हाँसदा उर्फ घानु माझी, ग्राम–चेरिया पहाड़ी, थाना–राजनगर, जिला– सरायकेला–खरसावाँ (झारखण्ड) को क्रेता अरबिन्द कुमार मुर्मू पिता माझो मुर्मू, ग्राम–रानीगंज, थाना–राजनगर, जिला–सरायकेला–खरसावाँ (झारखण्ड) को उभय पक्ष के निजी दायित्व पर ऊपर वर्णित रकवा–0.16एकड़ भूमि बिक्री करने की अनुमति छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा–46(i)a के तहत दी जाती है तथा आदेश दिया जाता है कि प्रस्तावित भूमि की बिक्री सरकार द्वारा निर्धारित दर से कम में नहीं करेंगे।

23/03/2020

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सरायकेला।

लेखापित,

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सरायकेला।

Scanned with CamScanner